तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री से.
न्यूनतम 25.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 7 जुलाई 2026



14 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन त्याग ...





14 महिलाओं के निःशुल्क अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी..




**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे में शाहाबाद कोर्ट के वकील की मौत



प्रताप सिंह।

**कुरुक्षेत्र।** ठोल गांव के पास शाहाबाद रोड पर हुए सड़क हादसे में शाहाबाद कोर्ट के वकील प्रताप सिंह (54) की मौत हो गई। वह बाइक से इस्माईलाबाद जा रहे थे, तभी सामने से आई सफेद क्रेटा कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार सहित फरार हो गया। घायल प्रताप सिंह को पुलिस अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची इस्माईलाबाद पुलिस ने मृतक के भाई के बयान और कार नंबर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### रोबोट सॉफ्टवेयर बेचने का नाम पर 15 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** एआई ट्रेडिंग रोबोट सॉफ्टवेयर बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 15 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। जगाधरी वर्कशॉप रोड स्थित पुलिस कॉलोनी निवासी उमेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने सुरेंद्र और राजेंद्र कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार मार्च 2025 में दोनों आरोपियों ने होटल सेवेन सीज में मुलाकात कर एआई ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर बेचने का झांसा दिया और 15 लाख रुपये ले लिए। रकम लेने के बावजूद सॉफ्टवेयर उपलब्ध नहीं कराया। जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### टास्क के झांसे में फंसा कर 1.20 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** गांव सरावां निवासी रवि कश्यप से टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क और इन्वेस्टमेंट के नाम पर 1.20 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि तीन जुलाई को एक मैसेज के जरिए वह टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ा। शुरुआत में आसान टास्क पूरे कराने के बाद आरोपियों ने उसके खाते में रकम भेजकर भरोसा जीता। बाद में अधिक मुनाफे का लालच देकर अलग-अलग किस्तों में 1.20 लाख रुपये जमा करवा लिए।

### पानीपतः ढाबा से 1.70 लाख की नकदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत में असंध रोड पर ढाबे से चोरों ने गल्ले में रखी 1 लाख 70 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। वहीं, ढाबा संचालक विनोद निवासी दत्ता कालोनी ने पुराना औद्योगिक थाना पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में बताया कि वह ढाबा व्यवसाय के अलावा वे कोर्सेंट की सप्लाई का काम भी करते हैं। वहीं, सोमवार को 1 लाख 70 हजार रुपए की बकाया पेमेंट लेकर आया था, जो चोरी हो गई।

### चुलकाना में रंजिश में परिवार को पीटा

**पानीपत।** गांव चुलकाना में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट की घटना में दीपक, इसके पिता रणधीर, रमन आदि को मारपीट कर घायल कर दिया गया। वहीं, घायल दीपक की शिकायत पर चुलकाना चौकी पुलिस ने राजू, ललित, विजय, सचिन, आकाश और इनके साथियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो लड़कियां लापता तलाश में जुटी पुलिस

**पानीपत।** हुडा सेक्टर-29 थाना क्षेत्र के विकास नगर से मूल निवासी गोरखपुर, यूपी की दो लड़कियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। दोनों शुक्रवार सुबह फैक्टरी में काम के लिए घर से निकली थीं, लेकिन न तो फैक्टरी पहुंचीं और न ही वापस लौटीं। परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इनमें से एक लड़की नाबालिग है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### दिशा बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने की योजनाओं की समीक्षा

# ‘मेरी फसल मेरा ब्योरा’ पोर्टल पर 31 तक 100% किसान पंजीकरण सुनिश्चित करने और शेष किसानों के घर जाकर आवेदन कराने के निर्देश

- बीपीएल कार्ड धारकों का सर्वे आयुष्मान कार्ड वितरण में तेजी लाने, 395 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने और आभा आईडी का दायरा बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल में जिला सचिवालय में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने केंद्र और राज्य सरकार की करीब 80 जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। कृषि विभाग को ‘मेरी फसल मेरा ब्योरा’ पोर्टल पर 31 जुलाई तक 100 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने और शेष किसानों के घर-घर जाकर आवेदन कराने को कहा। साथ ही प्राकृतिक खेती, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और आत्मा योजना की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।शिक्षा विभाग को स्कूल प्रबंधन समितियां मजबूत करने, मिड-डे मील की गुणवत्ता सुधारने तथा स्कूलों की आधारभूत सुविधाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को लंबित आयुष्मान कार्ड वितरित करने, आभा आईडी बनाने, घर-घर टीबी सर्वे कराने और सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बीपीएल कार्डधारकों का सर्वे, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के निरस्त आवेदनों की जांच, खुले में शौच मुक्त अभियान, उपचारित पानी के सिंचाई में उपयोग, लंबित राजस्व मामलों के निपटान और पीएम स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों को सभी योजनाओं की नियमित निगरानी और कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए।

### स्वामी दयानंद सरस्वती चौक का किया लोकार्पण



**करनाल।** सेक्टर-12/13 में नवनिर्मित स्वामी दयानंद सरस्वती चौक का सोमवार को केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने हवन-यज्ञ में आहुति अर्पित कर स्वामी दयानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के स्मारक केवल पहचान नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को प्रेरित करने और समाज को सही दिशा देने का माध्यम हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया और समाज सुधार का संदेश दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आर्य समाज पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

### पीएम आवास योजना 2.0 से गरीबों के पक्के घर का सपना होगा साकार

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने 31 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र गरीब परिवार पक्के घर से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना की चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन है तथा लाभार्थियों से समय पर मकान निर्माण पूरा कर सरकारी सहायता का सही उपयोग करने का आह्वान किया।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले कोर्ट कर्मी की हत्या झाड़ियों में शव मिला, हाथ-पैर पर गहरे जख्म

## परिजन बोले-बेटे की इंटरकास्ट मैरिज के बाद धमकियां मिल रही थीं

**मृतक की बहू के परिजनों पर हत्या का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। गुरमेल सिंह का फाइल फोटो व शव को बाहर निकालते पुलिसकर्मी।

सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले जिला कोर्ट के चपरासी की हत्या कर दी गई। शव सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। हाथ और पैर से खून निकला हुआ था। परिजनों ने दावा किया कि मृतक की बहू के परिजनों ने उनकी हत्या की। बेटे की सात महीने पहले हुई इंटरकास्ट लव मैरिज हुई थी। लड़की पक्ष की ओर से लगातार धमकियां दी जा रही थी। उसे लगातार कहा जा रहा था कि शादी उनकी मर्जी के खिलाफ की गई है। जिले के पुराना सहारनपुर रोड स्थित गांव कैत के पास जिला कोर्ट में चपरासी के पद पर तैनात व्यक्ति का शव सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। गांव कैत निवासी 50 वर्षीय गुरमेल सिंह कुरुक्षेत्र जिला कोर्ट में चपरासी के पद पर नौकरी करता था। सोमवार सुबह साढ़े चार बजे प्रतिदिन की तरह सुबह की सैर करने के लिए निकला था। मगर काफी देर तक वह वापस नहीं लौटा।

### सात माह पहले बेटे ने की थी इंटरकास्ट शादी

गुरमेल सिंह के पास तीन बच्चे हैं। उसके सबसे बड़े बेटे सुमित ने करीब सात महीने पहले पास के लापरा गांव की युवती से घर से भागकर इंटरकास्ट लव मैरिज की थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही लड़की पक्ष इस रिश्ते का विरोध कर रहा था। उनका कहना है कि परिवार को लगातार धमकियां मिल रही थीं और इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया।

### की जा रही जांच

शव के पास खून के निशान और एक जोड़ी चप्पल मिली। वहीं आसपास किसी वाहन के टायरों के निशान भी पाए गए। मृतक के शरीर पर भी चोट के निशान मिले हैं। परिजनों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल यह साफ नहीं कहा जा सकता कि मामला हत्या का है या किसी हादसे का। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

-रजत गुलिया डीएसपी

### घटनास्थल पर गाड़ी के टायर के निशान मिले

परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो उसका शव सुबह करीब साढ़े सात बजे पुराना सहारनपुर रोड पर झाड़ियों में पड़ा मिला। जांच के दौरान मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। इसके साथ ही मौके से गाड़ी के टायरों के निशान भी मिले हैं। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि गाड़ी से कुचल कर गुरमेल की हत्या की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम के साथ जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

**अंबालाः मेडिकल स्टोरों पर छापे से हड़कंप**

# स्टेरॉयड बिक्री का खुलासा तीन दुकानदारों को नोटिस

- सात मेडिकल स्टोर के रिकॉर्ड के खंगाला, फर्जी ग्राहकों के जरिए बेनकाब किया खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दवा नियंत्रण अधिकारी हेमंत ग्रोवर ने बीते रोज अपनी टीम के साथ अंबाला छावनी व शहर के सात मेडिकल स्टोरों पर रेड की। विभाग की टीम में फर्जी ग्राहक तैयार किए गए थे। जिन्होंने मेडिकल स्टोर पर जाकर खेल प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं, जैसे एनाबॉलिक स्टेरॉयड, पेप्टाइड हार्मोन और ग्रोथ हार्मोन की डिमांड करनी थी। तीन दुकानों पर डेकाबुर्बोलिन 50 एमजी नैंड्रोलोन डेकानोएट इंजेक्शन बेचा जा रहा था। इन तीनों दुकानों के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर इनके बिक्री लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे। इनमें बलदेव नगर के मैसर्स शक्ति मेडिकोज, दुकान नंबर 6, एसबीआई के सामने व महेश नगर थाने के सामने मैसर्स सिटी फार्मेसी, दुकान नंबर 1, राणा मार्केट व सिटी के मनाली हाउस स्थित एमप्लस फार्मास्यूटिकल्स दुकान नंबर 1154/410-411 शामिल थे।

अवैध स्टेरॉयड की रोकथाम के लिए विभाग ने चार अन्य प्रमुख मेडिकल स्टोरों का भी औचक निरीक्षण किया। हालांकि यहां कोई अवैध बिक्री नहीं पाई गई पर नियमों के उल्लंघन को लेकर रिकॉर्ड दर्ज कर आगामी कार्रवाई के लिए भेजा गया है। इन दुकानों में अंबाला शहर बलदेव नगर स्थित मैसर्स दवाइंडिया हेल्थकेयर मार्ट लिमिटेड व अंबाला कैंट बीसी बाजार स्थित मैसर्स ज्योति मेडिको दुकान नंबर 513/2 व हिसार रोड अमर मार्केट स्थित मैसर्स सरवारा मेडिकल हॉल व दुर्गा नगर स्थित मैसर्स यश मेडिकोज शामिल हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए फर्मों के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**पानीपत में डॉ. अर्चना गुप्ता ने जेपी नड्डा का स्वागत किया**

# संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने सोमवार को पानीपत रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मंत्री नड्डा के साथ ट्रेन से अंबाला तक यात्रा की। यात्रा के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों तथा प्रदेश में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

### 17 को जींद में हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ देश के लिए गर्व का पलः अर्चना गुप्ता



पानीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 17 जुलाई को सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद की पावन भूमि से भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का ऐतिहासिक शुभारंभ करेंगे। उन्होंने इसे हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व और ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

**कांस्टेबल को सम्मानित किया** : डॉ. अर्चना गुप्ता ने पानीपत रेलवे स्टेशन पर पुलिस कांस्टेबल जगरूप सिंह को सम्मानित किया। हाल ही में जगरूप सिंह ने अद्भुत साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए चलती ट्रेन से गिर रही दो महिलाओं की जान बचाया था।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र में छोटी पाबनी खुर्द बस अड्डे के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार कार पेंटर कर्मबीर कुमार की मौत हो गई।

मृतक अपने बड़े भाई कुलदीप के साथ अलग-अलग बाइक पर काम पर जा रहा था। जगाधरी की ओर से आई कार ने उसकी बाइक को टक्कर मारी, जिससे वह सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**टला बड़ा हादसा...**



### लोहे के गार्डर से टकराई स्कूल बस, सभी बच्चे सुरक्षित

**कुरुक्षेत्र।** शहर के बिरला मंदिर रेलवे फाटक के पास सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। फाटक के पास ऊपर लगे लोहे के गार्डर से एक स्कूल बस टकरा गई। टक्कर लगते ही विशाल गार्डर नीचे सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में बस का अगला शीशा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन राहत की बात यह रही कि बस चालक और उसमें सवार सभी स्कूली बच्चे बाल-बाल बच गए। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सुबह के व्यस्त समय में कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों, स्कूल बसों और अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग और प्रशासन को अवगत कराया गया।

**13 वर्ष 8 माह की उम्र में हासिल रिकॉर्ड 19 मार्च 2026 को दर्ज किया गया**

# कुरुक्षेत्र के दिवस राठी ने रचा विश्व रिकॉर्ड 14.27 सेकंड में सुनाए एशिया के 49 देश के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। दिवस राठी को बधाई देते ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार।

गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र दिवस राठी ने अपनी अद्भुत स्मरण शक्ति और तेज प्रस्तुति से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्हें इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा विश्व रिकॉर्ड धारक घोषित किया गया है। मूलरूप से हरियाणा के गोहाना के धनाना गांव निवासी दिवस राठी गुरुकुल में 9वीं कक्षा में अध्ययनरत है। उनके पिता जहां एक अध्यापक हैं, वहीं माताजी गृहिणी है। दिवस राठी की इस उपलब्धि पर गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबेप्रताप सहित समस्त गुरुकुल परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के महामहिम राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत ने भी दूरभाष पर विश्व स्तर पर गुरुकुल की ख्याति को बढ़ाने के लिए दिवस राठी को दूरभाष पर बधाई दी है। ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि दिवस राठी ने एशिया के सभी देशों के नाम सबसे कम समय में सुनाने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने मात्र 14 सेकंड और 27 सेंटीसेकंड में एशिया के सभी 49 देशों के नाम सुनाकर यह उपलब्धि हासिल की। यह रिकॉर्ड 19 मार्च 2026 को दर्ज किया गया। उस समय दिवस राठी की आयु 13 वर्ष, 8 माह और 9 दिन थी। उनकी इस उपलब्धि को इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। दिवस राठी की इस सफलता से उनके परिवार, विद्यालय और पूरे हरियाणा प्रदेश में खुशी का माहौल है। उनकी यह उपलब्धि अन्य बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। कम उम्र में विश्व रिकॉर्ड बनाकर दिवस ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन, मेहनत और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# बीकानेर के व्यक्ति से 15.90 लाख की लूट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों ने पैसे तीन गुना करने का लालच देकर बीकानेर निवासी व्यक्ति को अंबाला बुलाया और रिवाल्वर दिखाकर रुपये लूट लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




सीआईए-1 को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जांच टीम ने कार्रवाई करते हुए पैसे तीन गुना करने का लालच देकर, बीकानेर (राजस्थान) के एक व्यक्ति से रिवाल्वर की नोक पर 15 लाख 90 हजार रुपये लूटने वाले दो मुख्य आरोपियों को कलायत (जिला कैथल) से गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता विष्णु निवासी वार्ड नंबर 4, कक्कड़ वाला, बीकानेर, राजस्थान ने 28 जून 2026 को थाना नग्गल में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने उन्हें पैसे तीन गुना करने का लालच देकर अंबाला बुलाया था। 28 जून 2026 को सेगती कट राइस मिल के पास आरोपी विक्रम और उसके अन्य साथियों ने शिकायतकर्ता पर रिवाल्वर तान दी और 15,90,000 लूट कर फरार हो गए। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। सीआईए ने तकनीकी इनपुट्स और खुफिया सूचनाओं के आधार पर जाल बिछाकर दो मुख्य आरोपियों को काबू किया। पकड़े गए मुख्य आरोपियों की पहचान भीम सिंह निवासी गांव हसनगढ़, थाना बरवाला, जिला हिसार व नरेश उर्फ मुर्गा निवासी जंडली खुर्द, थाना भूना, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से गहन पूछताछ की जाएगी ताकि वारदात में शामिल अन्य सह-आरोपियों का पता लगाया जा सके।

## सीवरेज, सड़क, सफाई, स्ट्रीट लाइट और प्रॉपर्टी टैक्स से जुड़े मामले मौके पर निपटाए

# महापौर ने सुनीं जन समस्याएं, समयबद्ध समाधान के अधिकारियों को दिए निर्देश



**नगर निगम का उद्देश्य केवल प्रशासनिक कार्य करना नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान करना है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट और समयबद्ध निर्देश दिए।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से सीवरेज, प्रॉपर्टी टैक्स, सड़कों की मरम्मत, पार्कों के रखरखाव, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामले सामने आए। महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल प्रशासनिक कार्य करना नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का त्वरित और संतोषजनक समाधान करना है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर में बेहतर सीवरेज व्यवस्था, मजबूत सड़क नेटवर्क, स्वच्छता, पार्कों के रखरखाव और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।महापौर ने कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही करनाल के विकास की सबसे बड़ी ताकत है। नगर निगम भविष्य में भी पारदर्शी कार्यप्रणाली और जनसेवा की भावना के साथ नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।



इंद्री। जनसुनवाई कार्यक्रम मे समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि

## विधायक ने सुनीं हलके के लोगों की शिकायतें, समाधान के निर्देश

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनी तथा दूरभाष के माध्यम से अधिकारियों को इन समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक ने कहा कि हर सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में हलके के लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर आते हैं। उनका यही प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हो,जिससे उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि जिस गांव में कोई समस्या हो, उसे तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का यही प्रयास है कि विकास के मामले में प्रदेश का कोई भी क्षेत्र अछूता न रहे। सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग के हित, किसानों की खुशहाली और क्षेत्र की समृद्धि सुनिश्चित करना है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और प्रत्येक गांव में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

### जनसुनवाई कार्यक्रम में ये आई समस्याएं

जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलरी जगरी निवासी हुक्म चंद ने वृद्धावस्था सम्मान पेंशन बारे, डेरा हलवाना निवासी राजू सिंह ने आर्थिक सहायता बारे, सांतडी निवासी बलजीत ने बुढ़ापा पेंशन बारे, धनौरा जगीर निवासी विजय शर्मा ने जमाबंदी में नाम दर्ज करवाने बारे, हिनौरी निवासी रिषीपाल ने गली निर्माण हेतू ग्रांट दिलवाने बारे व रास्ता खुलवाने बारे सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान बारे विधायक से अनुरोध किया। विधायक ने सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

## प्रशिक्षित अधिकारी योजनाओं को देंगे नई गति : डॉ. वीरेंद्र



- हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में छह दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीलोखेड़ी/करनाल

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान (एचआईआरडी) में विभिन्न राज्यों के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों तथा कार्यकारी अभियंताओं के लिए छह दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं की सफलता केवल संसाधनों से नहीं बल्कि प्रशिक्षित, संवेदनशील और जवाबदेह अधिकारियों की कार्यशैली से सुनिश्चित होती है।

उन्होंने कहा कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ग्रामीण विकास योजनाओं को धरातल पर लागू करने की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक कड़ी हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान, आधुनिक तकनीकों और व्यवहारिक अनुभवों को अपने कार्यक्षेत्र में लागू कर अधिकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर और विकासोन्मुख बना सकते हैं।

**दिया जाएगा प्रशिक्षण**

कार्यक्रम समन्वयक एवं सहायक आचार्य कमलदीप सांगवान ने बताया कि छह दिनों तक प्रतिभागियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय की योजनाओं, पंचायत प्रशासन, वित्तीय प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता, सुशासन, डिजिटल नवाचार और व्यवहारिक अध्ययन से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे।

## महिलाओं को पहचान बनाने की प्रेरणा देता हाल मित्रा

**करनाल।** पंजाबी संगीत जगत की चर्चित गायिका सिमरन कौर धडली का नया सिंगल 'हाल मित्रा' रिलीज हो गया है। अपने दमदार गीत लेखन और बेबाक अंदाज के लिए पहचान रखने वाली सिमरन ने इस बार ब्रेकअप को केवल दर्द और बिछड़ने की कहानी तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और खुद को दोबारा पहचानने की प्रेरणादायक यात्रा के रूप में प्रस्तुत किया है। गीत में एक ऐसी युवती की कहानी दिखाई गई है, जो रिश्ता टूटने के बाद टूटती नहीं, बल्कि अपनी पहचान, गरिमा और आत्मविश्वास के साथ नई शुरुआत करती है।

# पांच नियमित कॉलोनियों में विकास कार्य कराने की मांग, सौंपा मांग पत्र

- पहले से बने मकानों के एनओसी शुल्क माफ करने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



नेवल रकबे में स्थित पांच नियमित घोषित कॉलोनियों के विकास कार्य शुरू कराने की मांग को लेकर कालोनीवासियों ने विधायक रामकुमार कश्यप को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नरिंद्र सिंह संधू ने किया। कालोनीवासियों ने बताया कि हरियाणा सरकार ने एक्ट-2024 के तहत कल्याणा कुजियंस फार्म, फौजी कॉलोनी, समर इंक्लेव, बुधा इंक्लेव और मां भगवती कॉलोनी को नियमित घोषित किया था, लेकिन अभी तक इनमें विकास कार्य शुरू नहीं हुए हैं। जबकि कलेक्टर रेट बढ़ा दिए गए हैं, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इन कॉलोनियों में पेयजल, सीवरेज, नालियां, गलियों में ब्लॉक, वर्षा जल निकासी, नियमित सफाई, पार्क और ओपन जिम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही पहले से बने मकानों के एनओसी शुल्क माफ करने तथा खाली प्लॉटों के एनओसी शुल्क को 8 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत करने की मांग भी उठाई। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि हरपाल सिंह, डॉ. साहब सिंह, चिराग शर्मा सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

## दिनेश गुप्ता रोटरी क्लब मिडटाउन के प्रधान व अनुज सिंगला सचिव बने

**करनाल।** रोटरी क्लब करनाल मिडटाउन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नए रोटरी वर्ष 2026-27 के अवसर पर आयोजित समारोह में दिनेश गुप्ता को क्लब का प्रधान और अनुज सिंगला को सचिव बनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिमखाना क्लब में हुआ, जहां दीप प्रज्ज्वलन, सुखमनी पाठ और भजन संध्या का आयोजन किया गया। नवनियुक्त प्रधान दिनेश गुप्ता ने कहा कि रोटरी क्लब सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में लगातार सेवा कार्य करता रहा है तथा आगामी वर्ष में करनाल में क्लब की गतिविधियों का और विस्तार किया जाएगा। सचिव अनुज सिंगला ने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से क्लब के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जाएगा। समारोह में क्लब के सदस्यों ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. एमएल मदन, डॉ. विनोद कालरा, दिलदीप रंजन, डॉ. वीएस रैना, नरेंद्र गोयल, जीपी सिंह सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



# विधायक ने लाभार्थियों को चेक बांटे

- मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना वरदान साबित हो रही : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री



विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत दो लाभार्थियों को 1 लाख 12 हजार 500 रुपये की वित्तीय सहायता के चेक वितरित किये।

इस दौरान उन्होंने गांव सैयद छपरा निवासी धर्म सिंह को 37500 रुपये और गांव खेड़ा निवासी राजेश कुमार को 75000 रुपये की वित्तीय सहायता राशि के चेक वितरित किए। इस मौके पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना महत्वपूर्ण योजना है। यह योजना किसानों व खेतिहर मजदूरों के लिये वरदान साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत कृषि कार्यों के दौरान खेतों, गांवों, मार्केट यार्ड में या इन स्थानों पर आते-जाते वक्त यदि कोई किसान या मजदूर दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो उसे विशेष सहायता प्रदान की जाती है। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए विकास एवं कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इन्हीं योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना है। इस योजना में पीड़ित को 5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

## रोटरी क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

**घरौंडा।** रोटरी क्लब घरौंडा का शपथ ग्रहण समारोह रोटरी कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उद्योगपति जितेंद्र सिंगला ने मुख्य अतिथि में शिरकत की। समारोह में क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ली।कार्यक्रम में संजय मित्तल ने प्रधान, डॉ. धर्मबीर सिंह ने सचिव तथा डॉ. सतपाल वृंदावन ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। सभी पदाधिकारियों ने क्लब की सेवा गतिविधियों को आगे बढ़ाने और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए एक जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन तथा दिव्यांग व्यक्ति को ट्राईसाइकिल भेंट की।

# पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, पुलिस अकादमी में 250 पौधे लगाए

- मानसून के दौरान हजारों फलदार पौधे लगाने की तैयारी, हर नागरिक से पौधा लगाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मधुबन/करनाल



हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में निदेशक कला रामचंद्रन की प्रेरणा तथा पुलिस अधीक्षक बलजिंदर सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को वृक्षारोपण अभियान के तहत नीम, बरगद, जामुन, अमरूद और अनार सहित 250 पौधे लगाए गए। अभियान के दौरान अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। लाइन प्रबंधक निरीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि हरियाणा पुलिस अकादमी पहले से ही हरियाली के कारण ऑक्सीजन का भंडार है। मानसून पूरी तरह सक्रिय होने के बाद परिसर में हजारों फलदार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

## एचएसवीपी कर्मचारी सात जुलाई को पंचकूला में करेंगे राज्यस्तरीय प्रदर्शन

**करनाल।** एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन ने सात जुलाई को पंचकूला स्थित मुख्यालय के बाहर राज्यस्तरीय प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर सोमवार को सेक्टर-12 स्थित हुड्डा कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सर्कल प्रधान सेवाराम बड़सर ने तथा संचालन जिला प्रधान गुरविंद्र सिंह ने किया। बैठक में सेवाराम बड़सर ने कहा कि एचकेआरएन कर्मचारियों को सरकार के निर्णय के अनुरूप जॉब सिक्योरिटी दी जाए तथा पांच वर्ष से कम सेवा वाले कच्चे कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिले। उन्होंने हटाए गए कर्मचारियों की बहाली, एचएसवीपी कर्मचारियों को नगर निगम में भेजने पर रोक, तकनीकी कर्मचारियों को तकनीकी वेतनमान, कैशलेस मेडिकल सुविधा तथा रिक्त कनिष्ठ अभियंता पदों पर पदोन्नति की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि करनाल से बड़ी संख्या में कर्मचारी पंचकूला प्रदर्शन में भाग लेंगे।






## स्कूल बसों की विशेष जांच, सुरक्षा मानकों से समझौता नहीं : डीएसपी

**करनाल।** हरियाणा सरकार की सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत सोमवार को डीएसपी ट्रैफिक सोनू नरवाल के नेतृत्व में जिले में विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आदर्श स्कूल, नारायणा स्कूल और मानफोर्ट स्कूल की बसों की गहन जांच कर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया गया। जांच के दौरान बसों के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, चालक के लाइसेंस, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर, जीपीएस, आपातकालीन निकास और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। स्कूल प्रबंधन और चालकों को सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। डीएसपी सोनू नरवाल ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




## राष्ट्रीय फेडरेशन के फैसलों को देशभर में लागू करेंगे रिटायर्ड कर्मचारी

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक चिड़ाव की बैठक रविवार को जुंडला स्थित प्रजापति (कुम्हार) धर्मशाला में खंड प्रधान जगन्नाथ राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन खंड सचिव राजपाल शाहपुर ने किया। बैठक में अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन की हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णयों पर चर्चा करते हुए उन्हें देशभर में लागू करने का संकल्प लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मास्टर बलराज सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्णयों को पूरे देश के रिटायर्ड कर्मचारी संगठन लागू करेंगे। महेंद्र मान और यशपाल कालरम ने कहा कि वित्त विधेयक वापस होने तक देशभर के सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और मान्यता प्राप्त संस्थाओं के सेवानिवृत्त कर्मचारी आंदोलन जारी रखेंगे। इस अवसर पर बाबूराम, फतेह सिंह, नन्हाराम, ईश्वर सिंह, श्रीभगवान, रामेश्वर दास, नाथाराम, पृथ्वी सिंह, प्रीतम सिंह, बलदेव सिंह, रिशी अहमद सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा देने का माध्यमः साध्वी राधा

# श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ सप्ताह के पहले दिन निकली श्रद्धा की गंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

भक्त अमीरचंद मंदिर सभा एवं नगरवासियों के सहयोग से मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ बड़े ही श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं पार्षद ओम प्रकाश मल्होत्रा, हंसराज पाहुजा, प्यारा लाल काठपाल, रमेश चंद तथा सुरेश चावला उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात संयुक्त रूप से ज्योति प्रज्वलित कर कथा का शुभारंभ किया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। प्रथम दिन की कथा में साध्वी राधा जी ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि कथा श्रवण करने से मनुष्य के जीवन में शांति, सद्बुद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है।





तरावड़ी। मंच से कथा व्यास साध्वी राधा जी वृंदावन वाले कथा वर्णन करती हुई व कथा मे उपस्थित महिलायें पुरूष श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

**भक्तिमय बना माहौल**

उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति से ही जीवन सफल बनता है और सभी दुखों का निवारण संभव है। साध्वी राधा जी ने श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सत्कर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान भजनों और प्रवचनों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कथा सुनते श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा मे कान्हा के भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। इस अवसर पर प्यारा लाल काठपाल, ओमप्रकाश मल्हौत्रा, हंस राज पाहुजा, मदन लाल गिरधर, प्रदीप काठपाल, धर्मपाल, भास्कर लूथरा, सन्तोष देवी, चन्द्र कान्ता, ममता चावला, उर्मिला मल्हौत्रा सहित सभा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नौ जुलाई तक पूरा होगा वोटर सत्यापन कार्य

**पानीपत।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची को शत-प्रतिशत त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से एसडीएम मनदीप कुमार ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बीएलओ नौ जुलाई तक अपने-अपने क्षेत्र के सभी निर्धारित प्रपत्र पूर्ण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिए नौ जुलाई तक सभी फॉर्म जमा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### कब्जे के विरोध में किसान महापंचायत 12 को

**पानीपत।** भाकियू के जिलाध्यक्ष सुधीर जाखड़ ने बताया कि किसान भवन के कथित गुप्त रजिस्ट्रेशन और कब्जे के प्रयास के विरोध में 12 जुलाई की सुबह किसान भवन में किसान महापंचायत आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि किसान भवन जिले के किसानों की साझा धरोहर है और इसकी स्वायत्तता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

### लंबित मांगों पर आशा वर्कर्स ने किया प्रदर्शन

**पानीपत।** स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ मानी जाने वाली आशा वर्करों का गुस्सा सरकार के खिलाफ फूट पड़ा है। अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार को सैकड़ों आशा वर्करों ने सीएमओ कार्यालय के बाहर इकट्ठा होकर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान वर्करों ने सरकार और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद आशा वर्करों ने सीएमओ के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द अपनी मांगें पूरी करने की अपील की।

### श्यामा प्रसादमुखर्जी की याद में पौधे रोपे

**पानीपत।** भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी नेता, महान शिक्षाविद, भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा भारतीय औद्योगिक विकास के प्रमुख प्रेरणास्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय त्यागी ने अपनी टीम के साथ गांव बराना स्थित बरसात रोड टावर परिसर में पौधे रोपे। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण पर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। इससे लोगों को शुद्ध हवा मिलेगी और क्लाइमेट चेंज में भी काफी हद तक प्रभाव पड़ेगा।

### मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीकरण शुरू

**पानीपत।** मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी अंजलि चौधरी ने बताया कि 15 अगस्त तक देशभर में सघन पंजीकरण एवं जन.जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का लक्ष्य 5 करोड़ युवाओं को पोर्टल से जोडन्ना है। उन्होंने जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं से पोर्टल पर पंजीकरण कर राष्ट्र निर्माण से जुडऩे की अपील की। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं का जागरुक होना बहुत जरूरी है।

## नशा तस्करी के 42 मामलों में 75 आरोपियों को कारावास

# पानीपत को नशा मुक्त जिला बना रही है पुलिसः एसपी सिंह

**छह माह में एनडीपीएस के तहत 41 मामले दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह की अगुवाई में पानीपत पुलिस, प्रदेश सरकार की नशे के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य कर रही है। पानीपत पुलिस ने वर्ष 2026 के पहले छह माह में नशा तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के साथ-साथ न्यायालय में जिला न्यायवादी के सहयोग से मजबूत पैरवी की। सशक्त पैरवी के परिणामस्वरूप इस अवधि के दौरान नशा तस्करी के 42 मामलों में 75 आरोपियों को कारावास व जुर्माना राशि की सजा हुई है। न्यायालय द्वारा आरोपियों को 20 दिन से लेकर 20 वर्ष तक के कारावास तथा 15 हजार रुपये से 2 लाख रुपये तक के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह उपलब्धि नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की प्रभावी कार्रवाई और मजबूत अनुसंधान का परिणाम है। वहीं, चालू वर्ष के जनवरी से जून तक जिला पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 41 मामले दर्ज कर 54 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया। आरोपियों के कब्जे से 489 किलो 465 ग्राम गांजा, 3 किलो 619 ग्राम चरस, 402 ग्राम हेरोइन, 2 किलो 483 ग्राम अफीम तथा 88 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पानीपत पुलिस का उद्देश्य केवल तस्करों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना भी है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि नशा केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए गंभीर चुनौती है। इसको जड़ से उखाड़ फैंकने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर पुलिस का सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कस रही है और नशा तस्करी की पूरी चेन को तोड़ने के लिए सुनियोजित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशा बेचता है या नशे का सेवन करता है तो उसकी सूचना तुरंत जिला पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। जिला पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा।

### नशे के खिलाफ जागरूकता पर पुलिस प्रशासन का विशेष जोर

दूसरी ओर, पानीपत जिला पुलिस केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि नशे के खिलाफ जनजागरूकता और पुनर्वास पर भी विशेष जोर दे रही है। विभिन्न गांवों की ग्राम पंचायत व मौजिज लोगों के सहयोग से अब तक जिले के 176 गांव और 35 वार्डों को नशा मुक्त घोषित किया जा चुका है। नशे की लत से प्रभावित लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सिविल सर्जन के सहयोग से डी-एडिक्शन कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत सिविल अस्पताल के डी-एडिक्शन सेंटर में अब तक 1141 लोगों की काउंसिलिंग कर उन्हें उपचार एवं दवाईयां उपलब्ध करवाई गई हैं। वहीं, गिरफ्तार नशा तस्करों द्वारा नशे की काली कमाई से अर्जित संपत्तियों की पहचान कर उन्हें अटैच करने की



प्रक्रिया भी तेजी से अमल में लाई जा रही है, ताकि अपराध से अर्जित आर्थिक संसाधनों पर भी प्रभावी प्रहार किया जा सके।

# युवाओं को गिरफ्त में लेकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेल रहा नशाः उपायुक्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह के हरियाणा उदय अभियान के तहत नशा मुक्त हरियाणा के उद्देश्य को लेकर सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं (एनजीओ) के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को जन-जन तक पहुंचाने, युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं, डीसी डॉ वशिष्ठ ने कहा कि आज नशा युवाओं को अपनी गिरफ्त में लेकर उनके उज्ज्वल भविष्य को अंधकार की ओर धकेल रहा है। यह पूरे समाज की चिंता का विषय है। नशे के खिलाफ लड़ाई तभी सफल होगी, जब प्रशासन, शिक्षण संस्थान, सामाजिक संगठन और आम नागरिक मिलकर इसे जनआंदोलन का रूप देंगे। वहीं, 18 जुलाई को आर्य कॉलेज, पानीपत में नशा मुक्ति विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली

**पानीपत।** विद्या भारती मॉर्डन स्कूल, खादी आश्रम, पानीपत के विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्त भारत पर पोस्टर बनाए और नशा मुक्त भारत जागरूकता रैली निकाली। वहीं, स्कूल की निदेशक निर्मल दत्त ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया और कहा कि नशे की लत एक बहुत बड़ी बीमारी है जिससे हमारी सोचने समझने की शक्ति खत्म हो जाती है। अगर हमारा समाज नशा मुक्त बनेगा तभी हम अपना जीवन खुशहाली से जी पाएंगे। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका मीनाक्षी, अध्यापिका जसनीत कौर, गीता, खादी कार्यकर्ता मुकेश, जगदीप, राममूर्ति आदि उपस्थित रहे।




# देश व प्रदेश की जनसेवा में विफल साबित हुई भाजपा सरकार : रमेश

- संगठन की मजबूती, सक्रियता बढ़ाने व एसआईआर अभियान को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों ने की विशेष बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पानीपत कांग्रेस ग्रामीण की मासिक संगठनात्मक बैठक सोमवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पानीपत (ग्रामीण) में जिलाध्यक्ष रमेश मलिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान तथा जनसंपर्क को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सेवा करने विफल साबित हो चुकी है। वहीं, कांग्रेस पार्टी जनता के हित के लिए हमेशा संघर्षरत रही है। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की भी विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में सचिन कुंडू, पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, दीपक खटकड़, कंवर सिंह छोक्कर, जगदीश जांगड़ा, डॉ. जगबीर पार्षद, रजनीश छोक्कर, कोकी धीमन, राम सिंह रोड, राजेश ठेकेदार, रूबल संधू, डी.पी. ग्रोवर, टेकराम दहिया, जसबीर पन्नू, लक्ष्मी शर्मा, जयभगवान राठी आदि रहे।




**पानीपत।** बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष रमेश मलिक।

# निष्काम सेवा का संदेश देता है एनएसएसः प्रो.गुप्ता

## आर्य कॉलेज के 62 एनएसएस स्वयं सेवकों को विवि मेरिट में मिले सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 62 स्वयंसेवकों को विश्वविद्यालय मेरिट प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में विद्यार्थियों की सामाजिक सेवा, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व, अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व विकास का सशक्त माध्यम है। विश्वविद्यालय मेरिट प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले सभी स्वयंसेवक अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं। विश्वविद्यालय मेरिट प्रमाण-पत्र प्राप्त करना प्रत्येक स्वयं सेवक के लिए गर्व का विषय है तथा यह उनकी मेहनत और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने सभी सम्मानित स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए भविष्य में भी समाज सेवा तथा राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इधर, आर्य कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान उनकी मेहनत, प्रतिबद्धता एवं समाज के प्रति सकारात्मक योगदान का प्रमाण है। हमें विश्वास है कि हमारे स्वयंसेवक भविष्य में भी राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे। मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा डुडेजा, आस्था गुप्ता, प्रो. पंकज चौधरी आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्या डॉ जगदीश गुप्ता के साथ स्वयं सेवी विद्यार्थी।



### भरोसे का मंच बना जनता समाधान कैंप-डॉ

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय में सोमवार को जनता समाधान शिविर का आयोजन हुआ। वहीं शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने करते हुए विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को प्रत्येक मामले में निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, डॉ हरीश ने सभी शिकायतों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। शिविर में एडीसी अंकित चौकसे, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, एसडीएम मनदीप कुमार, सीईओ डॉ. किरण, नगराधीश टीनू पोसवाल आदि विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उत्पादों को बाजार देने के लिए प्रशासन कार्यरतः डीसी

- पानीपत के सचिवालय में नारी शक्ति को बाजार मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पानीपत जिला में स्वयं सहायता समूहों एवं किसान उत्पादक संगठनों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर विपणन मंच उपलब्ध कराने की दिशा में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं नाबार्ड ने एक नई पहल की है। इसके तहत जिला सचिवालय के भूतल पर प्रत्येक माह दो बार आयोजित किया जाएगा, जहां स्वयं सहायता समूह एवं किसान उत्पादक संगठन अपने उत्पादों का प्रदर्शन और सीधे ग्राहकों को बिक्री कर सकेंगे। वहीं, इस विशेष बिक्री अभियान का शुभारंभ उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला मिशन निदेशक डॉ. किरण ने किया। वहीं, डीसी डॉ वशिष्ठ ने कहा कि जिला प्रशासन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।जिला कार्यक्रम प्रबंधक मुंतजरि आलम ने बताया कि पानीपत जिला में वर्तमान में 2,207 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं।




**पानीपत।** जिला सचिवालय में अपने सामान की बिक्री करती नारी शक्ति।



**पानीतप।** जिंदगी के लिए जूझ रहे पत्रकार शगुन से मिलने पहुंचे भाजपा नेता नवीन भाटिया व अन्य समाजसेवी। *फोटो : हरिभूमि*

### नवीन भाटिया ने जाना पत्रकार शगुन का हाल

**पानीपत।** गुर्दे की बीमारी से जूझ रहे पत्रकार व छायाकार शगुन की मदद के लिए पानीपत की सामाजिक संस्थाएं सक्रिय हो गई है। वहीं, मदद सोसाइटी की पहल पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने निजी अस्पताल में उपचाराधीन शगुन का हालचाल जाना और उन्हें आर्थिक सहायता भेंट की। स्मरणीय है कि शगुन के दोनों गुर्दे खराब है और उनकी हालत दिन प्रति दिन बिगडती जा रही है। इस अवसर पर मदद सोसाइटी के विक्की बत्रा, भाजपा नेता चेतन तनेजा, विजय सहगल, विक्की सरोहा आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर, जिंदगी के लिए जूझ रहे शगुन की मदद के लिए मंगलवार की दोपहर को मीडिया सेंटर में पत्रकारों की बैठक बुलाई गई है।

# आधुनिक समय में शिक्षा ही सबसे बड़ा सशक्तिकरणः अवनित कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा सोमवार को सराहनीय सामाजिक पहल के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की एक मेधावी छात्रा का हेरिटेज कॉन्वेंट स्कूल बरसत रोड में कक्षा छह में प्रवेश कराया गया। छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन से 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। संस्था ने छात्रा एवं उसके परिवार की निजता का सम्मान करते हुए उनका नाम गोपनीय रखा है। समिति की यह पहल उन प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए समर्पित है। जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। ऐसे बच्चों को संस्था स्कॉलरशिप के माध्यम से विद्यालय में प्रवेश दिलाने के साथ साथ उनकी शिक्षा का संपूर्ण खर्च भी वहन कर रही है, ताकि आर्थिक कठिनाइयां किसी भी होनहार बच्चे के सपनों के बीच बाधा न बनें। इस अवसर पर समिति की सदस्य एवं पूर्व मेयर पानीपत अवनीत कौर विशेष रूप से उपस्थित रही।



**पानीपत।** स्कूल संचालक पूर्व मेयर अवनीत कौर को पौधा भेंट करते हुए।

### छाजपुर गोशाला और स्कूलों में किया पौधरोपण

**पानीपत।** पानीपत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीएलएसए की ओर से जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाणी गोपाल शर्मा और सीजेएम सह सचिव वर्षा शर्मा के मार्गदर्शन में बापौली खंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों एवं छाजपुर गौशाला में पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिला समन्वयक डॉ.हितेश चंद शर्मा ने 51 से अधिक फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण व जल बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर पवन खुराना, हेमलता बाल्यान, कमल बोहरा, विनोद शास्त्री, गीता, प्रवीण, नरेश, राम मेहर, संदीप रावल व ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## दमकल विभाग ने सरकार को 10 टेंडर का प्रस्ताव

# दमकल विभाग मॉडर्न सुविधाओं से होगा लैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पानीपत के विभिन्न क्षेत्रों में 12 मंजिला तक हाई राइज बिल्डिंग्स बनाई जा रही है और इनमें नागरिक निवास भी कर रहे है। वहीं, हाई राइज बिल्डिंग्स में आग लगने के संभावित खतरों को देखते हुए हुडा सेक्टर-25 में बनने जा रहे फायर स्टेशन को अल्ट्रा मॉडर्न सुविधाओं से लैस किया जाएगा। पानीपत दमकल विभाग ने हाई राइज बिल्डिंग्स में आग बुझाने के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म सिस्टम वाली विशेष फायर कंट्रोल टेंडर तैनात किए जाएंगे। इसके लिए दमकल विंग ने 10 नए टेंडर, एक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म युनिट और इन्हें चलाने के लिए 35 प्रशिक्षित कर्मचारियों की मांग का प्रस्ताव प्रदेश सरकार की मार्फत दमकल विभाग के मुख्यालय को को भेजा है। स्मरणीय है कि एल्डिको अस्टेट वन, अंसल सुशांत सिटी, टीडीआई, विराट नगर के सामने दो नहरों के बीच आदि स्थानों पर हाई राइज बिल्डिंग्स का निर्माण हो चुका है। वहीं, पानीपत दमकल के पास हाई राइज बिल्डिंग्स में आग लगने की घटना को काबू करने के लिए दमकल का टेंडर नहीं है। दमकल के पास दो मंजिल तक आग को काबू करने वाले ही टेंडर है।

### हाइड्रोलिक सिस्टम से लैस फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत

इधर, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा भी पानीपत दमकल को हाई राइज बिल्डिंग्स की आग संबंधी सुरक्षा के लिए दमकल के 10 नए टेंडर्स, एक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म युनिट और इन्हें चलाने के लिए 35 प्रशिक्षित कर्मचारियों की मांग के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार से मंजूर कराने की पैरवी शुरू कर दी है। वहीं विधायक प्रमोद विज भी पानीपत दमकल विंग को हाइड्रोलिक सिस्टम से लैस फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं। विज ने बताया कि दमकल विंग को एक 42 मीटर क्षमता वाला हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म, 12 हजार लीटर क्षमता वाले चार वाटर बाउजर, 4500 लीटर क्षमता वाले तीन फोम टेंडर, दो हजार लीटर क्षमता वाली दो मिनी वाटर टेंडर और इन्हें चलाने के लिए 35 प्रशिक्षित कर्मचारी की मांग को लेकर प्रदेश सरकार को पत्र लिखा है। वहीं, इस संबंध में वे मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात भी करेंगे।

## खबर संक्षेप

### 30 तक करें छात्राएं ट्रेड का चयनः राणा

**अंबाला।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर के प्रधानाचार्य दिनेश राणा ने बताया कि जिन छात्र छात्राओं ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए ऑन-लाइन आवेदन किया हुआ है। उन छात्र छात्राओं को आईटीआई व व्यवसाय के चयन की तिथि 15 जुलाई 2026 तक है।

जिला में आठ सरकारी आईटीआई व तीन प्राइवेट आईटीआई हैं। छात्र छात्राएं अपनी पसंद की आईटीआई व व्यवसाय चुनकर ऑनलाइन सबमिट कर सकते हैं।

### चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर क्षेत्र कांशी नगर में स्थित घर से सोना जेवरात, पीतल-कांसे के बर्तन, चांदी की परत चढ़ी मूर्तियां, घड़ियां, नकदी व अन्य सामान चोरी करने में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। परिवादी दीपक ने 4 जुलाई 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपियों ने उसके घर से पीतल का सामान, सोना अंगूठी, चांदी की परत चढ़ी मूर्तियां, घड़ियां, कैमरे, हैडफोन, नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को काबू कर उनसे पीतल की परांत, कांसा थाली, लकड़ी का गुल्लक पैसों से भरा हुआ व चांदी की पायल बरामद कर ली है। आरोपियों की पहचान आरोपी राहुल उर्फ रिषु निवासी लक्ष्मी नगर, शुभम वासी गांव जंडली व शक्ति वासी गांव जंडली के रूप में हुई है।

### घर से चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा क्षेत्र गांव उगाला में स्थित घर से गेहूं, गैस सिलेंडर व अन्य सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया। सहायक उप निरीक्षक अंग्रेज सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता सरवन सिंह ने 5 जुलाई 2026 को शिकायत दी थी कि 29/30 जून 2026 को आरोपी अजय व अन्य ने उसके घर से 7/8 क्विंटल गेहूं, 220 लिटर डीजल, 50 लीटर पेट्रोल, गैस सिलेंडर व ट्रेक्टर का अन्य सामान चोरी किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस ने अब मामले में संलिप्त आरोपी अजय उर्फ अज्जू को गिरफ्तार किया है।

### बैठक में उठेगा बॉयोगैस प्लांट के विरोध का मसला

**जींद।** जींद शहर के रिहायशी क्षेत्र में बने बॉयो गैस प्लांट के विरोध का मसला अब भाजपा विधायको की अर्धमासिक होने वाली बैठक में उठेगा। यह आश्वासन सफीदों विधायक रामकुमार गौत्तम ने बॉयोगैस प्लांट मामले में ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल को दिया है।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वीं स्मरण पक्ष कार्यक्रम को किया संबोधित

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भी शिरकत की

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन त्याग राष्ट्रसेवा व सिद्धांतों का प्रेरणास्त्रोतः सीएम






**अंबाला की धरती का डॉ. श्यामा प्रसाद के जीवन से ऐतिहासिक संबंध , साइंस सेंटर का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर होगा, प्रतिमा भी होगी स्थापित : सीएम नायब सिंह**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और सिद्धांतों का प्रतीक है। उनकी जयंती केवल उन्हें स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलने तथा नई पीढ़ी को उनके जीवन मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेने का अवसर है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी 125वीं स्मरण पक्ष कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भी शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि यहां 85 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले साइंस सेंटर का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखा जाएगा, साथ ही निर्माणाधीन शहीद स्मारक के नजदीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के अंत में पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सीएम अर्थात कॉमन मैन की संज्ञा दी। कहा कि मुख्यमंत्री आमजन से सीधे जुड़े हुए जननेता हैं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करें। मौके पर संयोजक संदीप जोशी, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसपी अजीत सिंह शेखावत, मेयर अक्षिता सैनी, पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम कनिका गोयल, राज्य सूचना आयुक्त नीता खेड़ा, भाजपा पदाधिकारी रितेश गोयल, कर्मचंद गोल्डी, विवेक गुप्ता, रिचा पाहवा, मनीष आनंद मन्नी, शोभा पूनिया, जगमोहन लाल कुमार, डॉ. संजय शर्मा, संदीप सैनी अंबली, दिनेश लदाना, जसविंदर सिंह, मक्खन सिंह लबाणा, नरेंद्र राणा कुराली, गोपाल मित्तल, जसमेर राणा, संजीव गोयल टोनी, मनीष मित्तल के साथ—साथ भाजपा पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

#### मुखर्जी औद्योगिक क्रांति के अग्रदुतः डॉ. अर्चना

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता के लिए त्याग दिया, देश को आत्मनिर्भरता का विचार उन्होंने ही दिया। उन्होंने कहा कि महान विभूति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्वतंत्र भारत में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बने थे। विपक्ष में होते हुए भी वे कर्तव्य और निष्ठा तथा ईमानदारी के परिपेक्ष के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने 4 प्रमुख बिंदुओं पर काम किया, जिनमें रेल का जाल, एयरपोर्ट, रक्षा उपकरण और परमाणु उर्जा शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उसी विजन के साथ काम कर रहे है। केंद्रीय संसदीय बोर्ड सदस्य डॉ. सुधा यादव, प्रदेश संयोजक संदीप जोशी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप राणा ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# यूजी कोर्स में दाखिले के लिए समय सारिणी में बदलाव, 12 तक करें ऑनलाइन आवेदन

- उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से नए शिक्षा सत्र में जारी किया नया शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

उच्चतर शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी, सहायता प्राप्त और स्व-वित्तपोषित कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अंडर ग्रेजुएट (यूजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले की समय-सारणी में बदलाव किया है। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार संशोधित शेड्यूल के तहत छात्र अब 12 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। दाखिला पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 7 मई से शुरू हो चुकी है, जो 12 जुलाई तक जारी रहेगी। वहीं, छात्र अपने आवेदन फॉर्म में किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधारने के लिए 13 जुलाई तक का समय दिया गया है। दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य 18 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद विद्यार्थी अब 19 अगस्त तक प्रवेश ले सकेंगे। दाखिले की प्रक्रिया को तीन चरणों में विभाजित किया गया है। पहली मेरिट लिस्ट के तहत प्रोविजनल सूची 21 जुलाई और फाइनल सूची 22 जुलाई को जारी की जाएगी। इसके लिए फीस जमा करने का समय 23 जुलाई से 27 जुलाई तक निर्धारित है। दूसरी मेरिट लिस्ट के तहत प्रोविजनल सूची 28 जुलाई और फाइनल सूची 29 जुलाई को प्रदर्शित होगी। विद्यार्थी 30 जुलाई से 3 अगस्त तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे। बची हुई सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग 4 अगस्त से शुरू होगी।

#### विलंब शुल्क के साथ दाखिले का रहेगा विकल्प

पोर्टल को 5 अगस्त को पुनः खोला जाएगा ताकि नए आवेदक पंजीकरण कर सकें। इसके बाद, 6 से 12 अगस्त तक 100 रुपये के लेट फीस के साथ फिजिकल काउंसलिंग जारी रहेगी। अंतिम चरण में, 13 से 19 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के अतिरिक्त 100 रुपये प्रतिदिन के जुर्माने के साथ दाखिला लिया जा सकेगा।

# बच्चों को किया जागरुक, पांच कुओं व बोरवेल का किया सर्वे

- धन्यौड़ा में बच्चे की मौत के बाद बच्चों को किया जा रहा है जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



**अंबाला।** बच्चों के साथ खुले बोरवेल व कुओं का सर्वे करते समिति पदाधिकारी।

बहबलपुर स्थित गुरू ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति की ओर से बच्चों को खुले बोरवेल, कुओं तथा बरसात के मौसम में होने वाले संभावित हादसों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में हाल ही में गांव धन्यौड़ा में हुए दर्दनाक हादसे का उल्लेख किया गया जिसमें लगभग 220 फुट गहरे खुले बोरवेल में गिरने से चार वर्षीय मासूम निरवैर की मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना से सबक लेते हुए समिति ने बच्चों को ऐसे खतरनाक स्थानों की पहचान करवाई और उन्हें इससे दूर रहने की सलाह दी। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों पर विशेष निगरानी रखने का आग्रह किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बैठक के दौरान खुले कुओं और बोरवेलों को सुरक्षित बनाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने सुझाव दिया कि जिन बोरवेलों और कुओं का उपयोग किया जा सकता है, उन पर मजबूत लेंटर डालकर आवश्यकतानुसार हैंडपंप लगाए जाएं ताकि वे सुरक्षित भी रहें और उपयोग में भी आ सकें। इसी अभियान के तहत सोमवार को संस्था के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के पांच खुले कुओं और बोरवेल का सर्वे किया। सर्वे के दौरान ऐसे स्थानों की पहचान की गई, जहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से लैंटर डालकर हैंडपंप अथवा अन्य उपयोगी व्यवस्था की जा सकती है। संस्था ने प्रशासन एवं ग्रामीणों से अपील की कि खुले बोरवेल और कुओं को जल्द से जल्द सुरक्षित कराया जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

#### ये रहे मौजूद

संस्था की प्रधान बीबी भूपिंद्र कौर, सचिव महान सिंह, बुद्ध राम, बलजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, जत्थेदार निसाना वाली बुड्ढा ढल, जगतार सिंह मरदों साहिब, गुरचरण सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# एमएम शिक्षण संस्थान में नर्सिंग स्टाफ हड़ताल पर

- गंभीर मरीज गैर अनुभवी स्टूडेंट्स के हवाले
- ड्यूटी 6 से 8 घंटे करने पर बिफरे कर्मचारी, जमकर मचाया बवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा



**बराड़ा।** जानकारी देती एक स्टाफ नर्स। फोटो : हरिभूमि

एमएम शिक्षण संस्थान में सोमवार को नर्सिंग स्टाफ हड़ताल पर चला गया । इनकी मांग है कि एनबीएच के नियमानुसार उनकी ड्यूटी 6 से बढ़ाकर 8 घंटे नहीं की जा सकती। जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएगी वह लोग वापिस काम पर नहीं जाएंगे। मांग को लेकर नर्सिंग स्टाफ द्वारा मुख्य गेट के बाहर हड़ताल आरंभ कर दी। इस दौरान सड़क पर जाम लग गया।

स्टाफ सदस्यों की मांग थी कि एनबीएच के नियमानुसार उनकी ड्यूटी 6 घंटे की जाए। क्योंकि किसी भी शिक्षण संस्थान में 8 घंटे की ड्यूटी नहीं है। स्टाफ सदस्यों ने बताया कि उनकी गैरमौजूदगी में सारे मरीज गैर अनुभवी स्टूडेंट्स जो कि प्रथम वर्ष के हैं के हवाले हैं। जबकि वैक्शिनेशन का काम सीखने के लिए करीब 6 महीने का समय लगता है । तब भी गलत डोज दी जा सकती है। अगर बगैर सीखे स्टूडेंट्स गलत डोज दे देंगे तो मरीज की जान को खतरा हो सकता है। नर्सिंग स्टाफ ने एमएम प्रशासन पर धमकाने के आरोप लगाए हैं। स्टाफ सदस्यों ने कहा कि उनके लायसेंस रद्द करवाने की धमकियां मिल रही हैं। जबकि इंस्पेक्शन के समय और एमरजेंसी ड्यूटी में उनसे 12-12 घंटे काम करवाया जाता है।करीब डेढ़ दशक पहले भी सफाई कर्मचारियों की एक लंबी हड़ताल ने प्रशासन की नाक में दम दे दिया था।

# अंबालाः अधिक से अधिक लोगों को सहकारी गतिविधियों से जोड़ने के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

सहकारिता सप्ताह के अवसर पर अंबाला दि केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक के संचालक मंडल के सदस्य, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक गोपी चंद गलगट ने सहकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी कर्मचारियों को सहकारिता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहकार से समृद्धि के संकल्प को साकार करने के लिए पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प दिलाया। शपथ के दौरान सभी ने समृद्ध सहकारिता, विकसित भारत की सशक्त नींव बनेगी तथा इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। महाप्रबंधक ने बताया कि सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत बैंक से संबद्ध सभी पैक्सो में भी विशेष आम सभाओं का आयोजन किया गया।

#### सहकारिता सामूहिक विकास का सशक्त माध्यम

इन सभाओं में सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं पहलों की विस्तृत जानकारी सदस्यों को प्रदान की गई तथा अधिक से अधिक लोगों को सहकारी गतिविधियों से जोडने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ साथ बैंक के संचालक मंडल के सदस्यों एवं महाप्रबंधक द्वारा बैंक परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। उन्होनें कहा कि सहकारिता सामूहिक विकास का सशक्त माध्यम है। सभी कर्मचारियों एवं सदस्यों के सहयोग से सहकारिता को और अधिक प्रभावी बनाते ग्रामीण एवं कृषि विकास को नई गति प्रदान करने के लिए कार्य किए जाएंगे।

### दुकानों के निर्माण को लेकर अधिकारी हरकत में, पैमाइश के लिए अधिकारी नियुक्त

- ये दुकानें लबे समय से विवाद में रही

**बराड़ा।** मौजगढ़ स्थित गोसांई मंदिर के समीप अवैध कब्जा कर बनाई गई दुकानों को लेकर पीडब्लूडी विभाग अचानक हरकत में आ गया । राजस्व विभाग को तत्काल पैमाइश के लिए अधिकारी नियुक्त करने को कहा गया है। सौंपे गए पत्र में साफ तौर पर ट्रीट इट मोस्ट अर्जेंट लिखा है बता दें कि ये दुकानें लबे समय से विवाद में रही हैं। करीब आधी लंबाई में पीडब्ल्यू डी की जगह कब्जाई गई है। सीएम विंडो पर शिकायत के बाद संबंधित विभाग हरकत में आ गया है। पैमाइश के बाद मामला सामने आ जाएगा। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि अगर पैमाइश में दुकानें उनकी जगह पर पाई गई तो कार्रवाई तय है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**सुविधा** अनुज अग्रवाल ने फीता काटकर-शिलापट्ट का अनावरण कर केंद्र का शुभारम्भ किया

**फिजियोथेरेपी सेवाएं निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी**

# महिलाओं के निःशुल्क अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी केंद्र का शुभारंभ

- कई तरह की बीमारियों से निजात पाने में मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा



**बराड़ा।** सेंटर का उद्घाटन करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

महिलाओं को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेवा धाम आश्रम साहा में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा निशुल्क अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी केंद्र का लोकार्पण कर जनसेवा को समर्पित किया गया। इस केंद्र में ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को विशेषज्ञ फिजियोथेरेपी सेवाएं पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुज अग्रवाल ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर केंद्र का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर आधारित होती है। आज भी अनेक महिलाएं आर्थिक तंगी, जागरूकता की कमी तथा विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में वर्षों तक शारीरिक पीड़ा झेलने को मजबूर हैं। ऐसे समय में सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा महिलाओं के लिए अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी केंद्र की स्थापना अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह केंद्र हजारों महिलाओं को दर्द से राहत, बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विनीत मलिक, विवेक शर्मा, रिंपल चौहान, देवेंद्र धीमान, महेश वासन, सीए वागीश शर्मा, पवन पराशर, बलजिंदर कुमार, मदन गोपाल धीमान, आदित्य जैन, राकेश वोहरा, ललित राजपूत, समता, देशराज रंगा, पंकज छाबड़ा, राहुल गोयल, हिमांशु तथा फिजियोथेरेपिस्ट दीक्षा, नीरज, बलजीत कौर, सिमरन, नीतू और स्मृति सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

#### विभिन्न रोगों का उपचार-परामर्श दिया जाएगा

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल ने कहा कि सेवा धाम आश्रम समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों की निस्वार्थ सेवा के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है। महिलाओं के लिए समर्पित यह केंद्र विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा, जो आर्थिक कारणों से नियमित उपचार नहीं करा पातीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की उन्नति से जुड़ा विषय है। इसी सोच के साथ सेवा ट्रस्ट यूके महिलाओं को सम्मानजनक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उन्होंने बताया कि केंद्र में आधुनिक फिजियोथेरेपी उपकरणों एवं प्रशिक्षित विशेषज्ञों की देखरेख में कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों एवं जोड़ों के दर्द, सर्वाइकल, मांसपेशियों तथा नसों से संबंधित विभिन्न रोगों का उपचार एवं परामर्श दिया जाएगा।

### पर्स लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस द्वारा स्नैचिंग, चोरी और लूट की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए-2 ने देव आई क्लीनिक के पास से एक महिला का पर्स लूटने के मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और हेलमेट भी बरामद कर लिया है। सीआईए-2 प्रभारी उप-निरीक्षक रवि कुमार ने बताया कि 2 जुलाई 2026 को एक पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार 2 जुलाई को जब वह देव आई क्लीनिक (एसडी कॉलेज के पास) से गुजर रही थी, तभी एक बाइक सवार उसका पर्स लूटकर मौके से फरार हो गया। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने अब मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित कुमार काबू कर लिया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए सिर पर हेलमेट पहनता था।